राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

दिनांक 01–10–2019

–: प्रेस नोट :–

आज दिनांक 01.10.2019 को प्री–लिटिगेशन समिति की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता आयोग के माननीय सदस्य श्री शिवसिंह राठौड़ द्वारा की गई। बैठक में आयोग सचिव सुश्री रेणु जयपाल, विधि सलाहकार श्री अश्विनी विज, संयुक्त सचिव श्रीमती नीतू यादव, उप विधि परामर्शी श्री अनिल गुप्ता उपस्थित रहे।

प्री–लिटिगेशन समिति द्वारा कुल 132 प्रकरणों पर विचार कर निस्तारित किया गया। उक्त प्रकरणों में द्वितीय श्रेणी भर्ती परीक्षा 2018,वरिष्ठ अध्यापक प्रतियोगी परीक्षा–2013,स्टेनोग्राफर–2011,कॉलेज व्याख्याता–2014, पशु चिकित्सा अधिकारी, 2013,सहायक कृषि अधिकारी–2015, स्कूल व्याख्याता भर्ती परीक्षा–2018, सहायक अभियन्ता परीक्षा 2018, अध्यापक तृतीय श्रेणी प्रतियोगी परीक्षा, 2004, कनिष्ठ लेखाकार व तहसील राजस्व लेखाकार परीक्षा 2013, सहायक वन संरक्षक एवं वन रेंज ऑफिसर ग्रेड–I,आर.ए.एस–2018, आर.ए.एस–2016परीक्षा आदि से संबंधित विभिन्न प्रकरण यथा वर्ग परिवर्तन, आरक्षण, उत्तर कुंजी संबंधी प्रकरण थे।

इनमें से 03 प्रकरणों को सम्पूर्ण आयोग के विचारार्थ एवं 01 प्रकरण को आस्थगित (Defer) किया जाकर पुनः आगामी बैठक में रखे जाने हेतु समिति द्वारा निर्देशित किया गया।

(नीतू यादव)
संयुक्त सचिव एवं
सदस्यसचिव–प्री–लिटिगेशन समिति